पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन स्थायी समिति की हुयी बैठक

ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों तक योजनाओं के वृहद प्रचार–प्रसार पर विशेष बल दिया जाए

समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर शीघ्र अमल किया जाए

–पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह

लखनऊ : 18 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय के मुख्य भवन स्थित कक्ष संख्या–80 में पशुपालन विभाग से संबंधित स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, पशुपालकों के हितों के संरक्षण एवं पशुपालन क्षेत्र को अधिक उपयोगी एवं आत्मनिर्भर बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता से कुल 16 एजेण्डा बिन्दुओं पर परिचर्चा के दौरान सुझाव आमंत्रित किये गये।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा गो आश्रय स्थलों में सभी व्यवस्थाएं पूर्णरूप से किये जाने, ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों तक विभागीय योजनाओं के वृहद प्रचार–प्रसार, लघु पशु योजनाओं से किसानों एवं पशुपालकों को अधिक से अधिक आच्छादित करने की अपेक्षा करते हुए सुझाव दिए गए। समिति सदस्यों द्वारा पशुपालकों एवं किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए बैकों के माध्यमों से ऋण वितरण की प्रक्रिया का और अधिक सरलीकरण किये जाने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में विभागीय कार्यक्रमों यथा गोवंश संरक्षण कार्यक्रम, भारत सरकार की नवीन गाइड लाइन के अनुसार पशु चिकित्सालयों का निर्माण एवं मानव संसाधन, बैकयार्ड पोल्ट्री एवं बार्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम (समृद्धिकरण ब्रायलर पालन) जनपद एवं प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण संस्थानों के निर्माण, सांख्यिकीय पदों के पुनर्गठन, वैकल्पिक हरा चारा एवं चारागाह विकास, एफ0एम0डी0 टीकाकरण के मानदेय में वृद्धि, मल्टी टास्किंग वर्कर चयन, यंग वेटेरिनरी प्रोफेसनल की नियुक्ति, विभागीय नवाचार यथा स्टेट लाइवस्टाक मिशन, ड्रग इन्वेन्ट्री

मैनेजमेन्ट, क्लस्टरबेस अप्रोच (एम0वी0यू0) एवं यूनीफाइड पोर्टल, मुख्यमंत्री पशुधन बीमा योजना, भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम आदि बिन्दुओं पर परिचर्चा करते हुये समिति के सदस्यों को जानकारी प्रदान की गयी एवं सुझाव आमंत्रित किये गये।

समिति के अध्यक्ष श्री धर्मपाल सिंह जी द्वारा सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं निदेशक, पशुपालन को समिति सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर त्वरित अमल कर निस्तारण हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किये गये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि प्रदेश में पशुपालन एवं दुग्ध विकास क्षेत्र को सशक्त बनाने एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि करने तथा पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभागीय योजनाओं और व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में समिति द्वारा दिये गये सुझावों पर त्वरित कार्यवाही की जाए एवं समस्याओं का निस्तारण यथाशीध्र किया जाए। श्री सिंह द्वारा मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में पशुपालन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों में गुणवत्ता, सुचिता तथा पशुपालकों के आर्थिक उत्थान हेतु कृतसंकल्पित एवं तत्पर रहने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, पशुधन श्री मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव पशुधन श्री विवेक श्रीवास्तव, निदेशक, प्रशासन एवं विकास डा0 राजेन्द्र प्रसाद, निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा0 संगीता तथा अन्य विभागीय भिज्ञ अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुतिकरण पावर प्वाइंट के माध्यम से करते हुये अपर मुख्य सचिव पशुधन द्वारा विभागीय नवाचार एवं अभिनव प्रयासों पर वृहद जानकारी प्रदान की गयी।

सम्पर्क सूत्र– निधि वर्मा

राघवेन्द्र / 04:00 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in